प्रदेश के विदेशी सहयोग विभाग और तंजानिया निवेश केंद्र ने साझा विकास के लिये समझौता ज्ञापन पर किये हस्ताक्षर

चर्चा में क्यों?

11 जुलाई, 2023 को पूर्वी अफ्रीका के डार.एस.सलेम, तंजानिया के टीआईसी कार्यालय में आयोजित एमओयू हस्ताक्षर समारोह में हरियाणा सरकार के विदेशी सहयोग विभाग (एफसीडी) और तंजानिया निवेश केंद्र (टीआईसी) ने साझा विकास के लिये एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करके द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाया है।

प्रमुख बिंदु

- हरियाणा से विदेश सहयोग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजा शेखर वुंडरू और टीआईसी से कार्यकारी निदेशक गिलियड टेरी ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।
- इस कार्यक्रम में तंजानिया में भारत के उप उच्चायुक्त मौजूद रहे। इसके अलावा, हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों के 50 से अधिक व्यापार प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।
- इस ऐतिहासिक समझौते का उद्देश्य दोनों इकाइयों के बीच अधिक सहयोग को बढ़ावा देना और निवेश के अवसरों को सुविधाजनक बनाना है, जिससे दोनों क्षेत्रों के बीच स्थायी आर्थिक वृद्धि और विकास हो सके।
- हरियाणा के विदेशी सहयोग विभाग और तंजानिया निवेश केंद्र के बीच हुआ समझौता ज्ञापन सहयोग के लिये एक व्यापक ढाँचे की रूपरेखा तैयार करता है, जिससे अर्थव्यवस्था, व्यापार, विज्ञान, उपकरण, शिक्षा, पर्यटन, संस्कृति, ऐतिहासिक स्मारकों का संरक्षण और अनुसंधान, कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा क्षमता निर्माण और पारस्परिक हित के अन्य क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने में मदद मिलेगी।
- समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया जाना एफसीडी और टीआईसी दोनों की आर्थिक विविधीकरण, रोज़गार सृजन और सतत् विकास को बढ़ावा देने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
- ये अपनी विशेषज्ञता, संसाधनों और नेटवर्क के संयोजन से दोनों संगठन विदेशी निवेशकों के लिये एक सक्षम वातावरण को बढ़ावा देंगे व आर्थिक सहयोग बढ़ाएंगे और आपसी हित के प्रमुख क्षेत्रों के विकास को प्रोत्साहित करेंगे।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-foreign-cooperation-department-tanzania-investment-centre-signed-mou-for-joint-development